पाठ 14

बाघ आया उस रात

बात-बात में

प्रश्न 1. "वो इधर से निकला, उधर चला गया"
(क) यह बात कौन किसे बता रहा होगा?
(ख) तुम्हें यह उत्तर कविता की किन पंक्तियों से पता चला?

उत्तर:
(क) यह बात बेटू-छोटू को बता रहा होगा।
(ख) छोटू बोला
स्कूल में भी नहीं ..."
पाँच-साला बेटू ने
हमें फिर से आगाह किया
"अब रात को बाहर होकर बाथरूम न जाना!"

ख़बर तेंदुए की

(क) कक्षा 2 की रिमझिम में अखबार में छपा एक समाचार दिया गया है। साथ में उस समाचार के आधार पर लिखी एक कहानी भी दी गई है। उसे एक बार फिर से पढ़ो।
(ख) अब 'बाघ आया उस रात' कविता के आधार पर एक "समाचार' लिखो।
(ग) तेंदुए और बाघ में क्या अंतर है? पता करो। इस काम के लिए तुम बड़ों से बातचीत भी कर सकते हो।

उत्तर:
(क) स्वयं करो।
(ख) स्वयं करो।
(ग) तेंदुए बाघ से थोड़े छोटे होते हैं। इनके दौड़ने की गति भी एक समान नहीं होती।

उस रात

इस कविता में एक ऐसी रात की बात की गई है जिस रात को कुछ अनोखी घटना घटी थी।
(क) उस रात को कौन-सी अनूठी बात हुई थी?
(ख) तुम्हारे विचार से क्या सचमुच यह बात अनूठी है? क्यों?
(ग) उस रात को और क्या-क्या हुआ होगा? अपने साथियों से बातचीत करके लिखो।

उत्तर:

(क) उस रात को गाँव में बाघ आ गया था।
(ख) हाँ, यह बात सचमुच अनूठी है क्योंकि बाघ हिंसक होते हैं और उनका वास स्थान जंगल होता है जब भी किसी वजह से वे रिहाइसी इलाकों में घुस आते हैं तो दहशत मचा देते हैं।
(ग) स्वयं करो।

बाघ के काम

बाघ कहीं काम नहीं करता, न किसी दफ्तर में, न कॉलेज में”
बाघ दिन भर क्या-क्या करता होगा? कहाँ-कहाँ जाता होगा? अपने साथियों के साथ मिलकर जानकारी एकत्रित करो। फिर चर्चा करके उस पर एक चित्रात्मक पुस्तक तैयार करो। इसे तुम अपने पुस्तकालय में भी रख सकते हो।
उत्तर: बाघ दिनभर शिकार की खोज में जंगल में घूमता रहता होगा। कभी-कभी सो भी जाता होगी। शिकार की खोज में वह झाड़ियों, नदियों आदि जगहों पर जाता होगा।

आँखें फैलाकर

वो इधर से निकला उधर चला गया।
वो आँखें फैलाकर बतला रहा था।
नीचे आँख से जुड़े कुछ और मुहावरे दिए गए हैं, वाक्यों में इनका इस्तेमाल करो।
आँख लगना – आँख दिखाना
आँख मूंदना – आँख बचाना
आँखें भर आना – सिर-आँखों पर बैठाना
उत्तर:

- आँख लगना-उसके जाते ही मेरी आँख लग गई।
- आँख मूंदना-कैंसर के कारण उन्होंने असमय ही आँख मूंद ली। आँखें भर आना-पड़ोसी का दुखड़ा सुनकर मेरी आँखें भर आईं।
- आँख दिखाना-शिक्षक ने छात्रों को आँखें दिखाकर चुप कराया।
- आँख बचाना-हिरण शेर के पास से आँख बचाकर निकल गया।
- सिर-आँखों पर बैठाना-गलत आदमी को कभी सिर-आँखों पर नहीं बैठाना चाहिए।

शब्दों की दुनिया

(क) पाँच साला बेटू ने हमें फिर से आगाह किया। ‘आगाह किया’ का मतलब क्या हो सकता है?
(i) सचेत किया ……………………
(ii) मनोरंजन किया। …………………
(ii) बताया …………….
समझाया ………………….

उत्तर:
(i) सचेत किया।

(ख) कविता में इनमें से कौन-सा भाव झलकता है?
उत्तर: भय या डर का भाव।

(ग) किन-किन पंक्तियों/शब्दों से ये भाव व्यक्त हो रहे हैं?

- आश्चर्य
- डर
- अविश्वास

उत्तर:

- आश्चर्य-"वो इधर से निकला उधर चला गया ऽऽ"
- डर-"अब रात को बाहर होकर बाथरूम न जाना।"
- अविश्वास-"जाने कब बाघ फिर से आ जाए?"

(घ) जब हम कविता के ज़रिए कोई बात कहते हैं तो आम तौर पर शब्दों के क्रम को बदल देते हैं।
(i) जैसे कविता का शीर्षक "बाघ आया उस रात" गद्य में "उस रात बाघ आया" होगा। ऐसा क्यों किया जाता। होगा?
(ii) इस किताब की दूसरी कविताएँ भी पढ़ो और शब्दों के क्रम में आए बदलाव पर गौर करो। ऐसे ही कुछ वाक्यों की सूची भी बनाओ।
(iii) क्या शब्दों के क्रम में बदलाव अख़बार की खबरों में भी आता है? नीचे बने कोलाज को देखो और बताओ।

उत्तर:
(i)कविता को अत्यधिक धाराप्रवाह और लयात्मक बनाने के लिए आमतौर पर शब्दों के क्रम को बदल दिया जाता है।
दूसरी कविताओं में शब्दों के क्रम में आए बदलाव-
– 'गुरु एक थे और था एक चेला।।
– 'यह मोटी है गर्दन, इसे तुम बढ़ाओ'
– 'था वह भी एक बच्चा
(ii) हाँ, अखबार की खबरों में भी शब्दों के क्रम में बदलाव आता है, जैसे-
(iii) बाइक पर जाना स्कूल पुलिस बोली-नहीं माकूल
(iv) आसमान से जमीन पर गिरी सब्जियाँ
(v) किस तरह के बच्चे होते हैं अच्छे
(vi) स्वीपर कर रहे डॉक्टर का काम
(vii) इस बार पसीने छुड़ा रही है दिल्ली की सर्दी।